
# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आपदा पीड़ितों को मिली राहत हेलीकॉप्टर से चलाया गया रेस्क्यू

**राहत**

## खुम्ती,गलाती और रमतोला गांव में जनजीवन पूरी तरह से अलग–थलग

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**





पिथौरागढ। सीमांत तहसील बंगापानी के आपदा प्रभावित मौरी व लुम्ती गांव में हेलीकाप्टर से राहत व बचाव कार्य जारी है। जानकारी के मुताबिक बरम राहत केन्द्र में अब तक 57 आपदा पीड़ितों को रेस्क्यू चलाकर लाया जा चुका है। बता दें कि आपदा प्रभावित गांवों में टेंट, तिरपाल व भोजन तैयार कर पहुचाने के समाचार मिले है। मेतली में हेलीकाप्टर के उतरने को लेकर सेना द्वारा देवलेक में मौके पर हेलीपैड का निर्माण करने से प्रभावितों को राहत दी है।

देर सांय तक अब तक आपदा प्रभावित तल्ला मौरी से हेलीकॉप्टर के माध्यम से 57 पीड़ित राहत केंन्द्र में पहुंचा दिये गये है। वही अब तक बंद पड़े थल मुंसयारी मार्ग को खुलने में ज्यादा दिन तक लगने के आसार बने हुए है। टांगा व धामीगांव और जाराजिबली में मलबे में दबी महिलाओं को ढूंढने के लिए खोज जारी है।

सीमांत तहसील धारचूला का खुम्ती, गलाती और रमतोला गांव में जनजीवन पूरी तरह से अलग थलग होने के समाचार मिले है। सीमांत तहसील बंगापानी सड़क से 16 किमी दूर स्थित कनार गांव का पुल आसमानी आफत की भेंट चढ़ने से पूरे संपर्क मार्ग बंद हो चुके है।

आपदाग्रस्त तल्ला मौरी से हेलीकॉप्टर के माध्यम से लाई गई महिलाओं को बरम जीआईसी राहत केंन्द्र में न रखकर तीन किमी दूर पटकलिया स्थित पिटकुल के भवन में रखा गया है।

दूसरी ओर सीमांत के आपदा प्रभावित इलाके में मौसम के रौद्र रूप के कुछ शांत होने के बाद हेलीकॉप्टर से खोज व राहत बचाव का काम जारी रहा। समाचार मिलने है कि आपदा प्रभावित जाराजिबली में टेंट व राहत सामग्री और खाद्य सामग्री को पहुंचाने का सिलसिला जारी है।

इस दौरान धारचमला के विधायक हरीश धामी व धारचूला के उपजिलाअधिकारी एके शुक्ला राहत व बचाव कार्य के दौरान मौजूद रहे। आपदा प्रभावितों ने राहत की सांस ली है।

उपजिलाअधिकारी व धारचूला के विधायक हरीश धमी ने आपदा प्रभावितों के हालचाल जानने के साथ उनको हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया। दूसरी ओर राहत शिविर केंन्दों में पहुंचाये आपदा प्रभावितों पीड़ितों को भोजन कराये जाने के समाचार मिले है।

## न्यूज डायरी

### ऐंचोली पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को लिया गिरफ्तार

**संवाददाता** पिथौरागढ़। चौकी प्रभारी मोहन बोहरा द्वारा बीते रविवार को गोपनीय सूचना के आधार पर छियानब्बे पव्वे अंग्रेजी शराब को ले जाते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पकडे युवक का नाम सुरेश राम है जो कि जिला मुख्यालय के लिंठयूडा में रहता है। पकडे गये युवक को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया। युवक की उम्र 40 साल है। इस दौरान चौकीप्रभारी मोहन बोरा व कांस्टेबल जगदीश चन्द्र शामिल रहे।

### एसओजी के हत्थे चढा चरस तस्कर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। देर सांय जिला मुख्यालय के सिल्थाम चौराहे के पास वाहन चेकिंग के दोरान मोटर साइकिल संख्या यूके 04एम 5572 को जब चेंकिग के लिए रोका गया तो उपरोक्त युवक पवन भटट पुत्र हेमराज भटट के पास से नौ ग्रम चरस पाई गई। वही युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर आरोपी को जेल भेज दिया है। युवक को पकडने में एसओजी टीम के जवान शामिल रहे।

### गोंठी में कार के उपर गिरा पत्थर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील धारचूला के गोठी में बीते सांय एक कार के उपर पत्थर जा गिरा। कार पर सवार वाहन स्वामी को हल्की चोट आई है। वही बता दें कि मौके पर वाहन स्वामी ने कूद मार ली नही तो बडा हादसा होना संभव था। वही घायल वाहन स्वामी को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती किया गया है।

### शिवालिक पर्वत की रज व गंगाजल लेकर श्रीमहंत रविन्द्रपुरी अयोध्या रवाना

**संवाददाता** हरिद्वार। श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के सचिव व मंशा देवी मंदिर के परमाध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्रपुरी महाराज सोमवार को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर निर्माण के लिए तीर्थनगरी की रज व गंगाजल लेकर रवाना हुए। बता दें कि श्री महंत रविन्द्रपुरी महाराज को श्री राम मंदिर शिलान्यास में शामिल होने के लिए आमंत्रण मिला है।

विदित हो कि 5 अगस्त को श्री राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन होना है। जिसके लिए देश के चुनिंदा संतों, राजनेताओं व विशिष्टजनों को आमंत्रित किया गया है। कोरोना महामारी को देखते हुए शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केवल 170 लोगों को आमंत्रण दिया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को श्रीमहंत रविन्द्रपुरी महाराज अयोध्या के लिए रवाना हुए। इसके पश्चात संतों ने श्री महंत रविन्द्रपुरी महाराज को मंगल कामनाएं देते हुए अयोध्या के लिए रवाना किया।

## जान जोखिम में डालकर आपदा प्रभावितों से मिलने पहुंची नायब तहसीलदार मनीशा



**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत तहसील धारचूला की नायब तहसीलदार मनीषा बिष्ट जान जोखिम में डालकर गलाती व रमतोली ग्रम पंचायत के आपदा प्रभावितों की समस्या सुनने के लिए वहां पहुंची। तहसीलदार ने पांच से दस किमी पैदल कच्चे पुलों से यात्रा कर आपदा प्रभावित ग्रम पंचायतों का निरीक्षण भी किया। जानकारी के मुताबिक सीमांत क्षेत्र के गांवों में भीषण बारिश के चलते गलाती गाड के उफान में आने से गांव के रमतोली व सीपू खेडा गांव में भारी नुकसान होने के समाचार मिले है। बता दें कि गांव के सात पुलों के बह जाने से गांवों में काफी नुकसान पहुंचा है। तहसीलदार मनीषा ने बताया कि गांव में हुए आपदा से नुकसान का निरीक्षण कर लिया गया है। उन्होंने पीड़ितों को जल्द ही मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है। शासन स्तर से पीड़ितों को हर संभव मदद कराये जाने की जानकारी उन्होंने दी है। पीड़ितों को क्षेत्र में भारी बारिश के चलते खासा नुकसान होने की जानकारी उन्होंने दी है। इस दौरान मौके पर उनके साथ निरीक्षण करने में राजस्व टीम मौजूद रही।

# वैदिक गुरुकुलम् में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व

**संवाददाता**

### स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण को भी बांधी राखी

हरिद्वार। लाखों–करोड़ों बहनों की श्रद्धा, आस्था व विश्वास के केन्द्र, मातृशक्ति को गौरव प्रदान करने वाली गुरुसत्ता के रूप में स्वामी रामदेव महाराज तथा आचार्य बालकृष्ण महाराज के आशीर्वाद से पतंजलि योगपीठ स्थित वैदिक गुरुकुलम् प्रांगण में रक्षा बंधन पर्व (श्रावणी उपाकर्म) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बहनों ने पूज्य गुरुसत्ता को रक्षासूत्र बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य गुरुसत्ता ने राष्ट्रसेवा में अहर्निश संलग्न सभी माताओं व बहनों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित की।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि रक्षा बंधन मात्र धागों का त्यौहार नहीं है, ये तो प्रतीक हैं कि हम धर्म, मर्यादा, जीवन के श्रेष्ठ आदर्शों व उनके अनुशासन में बंधे हैं। इनका अनुसरण करते हुए हम आगे बढ़ते रहें, यही रक्षा बंधन का संदेश है। जो योग करेंगे व सात्त्विक जीवन के अनुरूप जीवन जीएँगे, वे अपनी रक्षा के साथ–साथ बहन–बेटियों, धर्म व संस्कृति की भी रक्षा कर पाएँगे।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि रक्षा बंधन में रक्षासूत्र व यज्ञोपवीत प्रतीकात्मक हैं। हम प्रतिदिन जो यज्ञोपवीत पहनते हैं इसका उद्देश्य भी तो यही है कि हमें स्मरण रहे कि हम ऋणि हैं, उऋण नहीं हैं। भारतवर्ष के कुछ इलाकों तथा नेपाल में इस पर्व को जनेऊ पूर्णिमा कहते हैं। कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. महावीर ने कहा कि विश्व के कल्याण के लिए कभी महर्षि पतंजलि, गौतम, कणाद के रूप में ऋषि इस धरा पर अविर्भूत हुए, कभी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अवतरित होकर मर्यादा स्थापित की, तो कभी योगेश्वर श्रीकृष्ण के रूप में आकर धर्म की रक्षा का उद्‌घोष सारे संसार में किया। आज उसी वैदिक संस्कृति व आदर्श परम्परा को सारे विश्व में प्रचारित–प्रसारित करने के लिए परमात्मा ने दो विभूतियों को पूज्य स्वामी जी महाराज व पूज्य आचार्य जी महाराज के रूप में संसार में भेजा है।

## भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र की चेतना का अभिन्न अंग हैं त्योहार

**संवाददाता** हरिद्वार। भारतवर्ष ऋतुओं, त्योहारों और उत्सवों के रंग मे रचा बसा देश है। जहां सभी धर्मो को मानने वाले लोगों के अपने अपने त्योहार एवं उत्सव है। जो उनकी जिंदगी को वर्षभर ताजगी से सराबोर बनाये रखते है। रक्षाबंधन का पवन त्योहार पवन नगरी हरिद्वार में भी धूम–धाम से मनाया गया।

इन त्योहार तथा उत्सवों के मूल मे मान्यताए तथा कारण अलग अलग हो सकते है। लेकिन ये सभी त्योहार एवं उत्सव व्यक्ति की जिदंगी में ऊर्जा तथा ताजगी का संचार करते है। यहां रहने वाले लोगों मे एक–दूसरे के त्योहारों के प्रति मन में श्रद्धा होती है तथा लोग उनमें सहर्ष सम्मिलित भी होते हैं। अनेकता मे एकता तथा भारतीय संस्कृति का यह रंग किसी ओर देश मे देखने को नही मिलता है। धर्म, जाति एवं सम्प्रदाया के त्योहारों के अलावा यहां राष्ट्रीय महत्व के त्योहार भी मनाये जाते है। जिनको सभी लोग परस्पर भाई–चारे की भावना के साथ उल्लास के साथ मनाते है।